(a) whether it is a fact that a new variety of wheat EA-222-1 'LAL Bahadur' has been recommended for

cultivation in the areas of Haryana-Rajasthan and South Western Uttar Pradesh by the All-India Wheat Research Workshop, Indore ; and

(b) if so, the action being taken by Government to make available this variety of wheat to the farmers ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) No. The Plenary Session of the All-India Wheat Research Workshop held in August, 1969 under the Chairmanship of Dr. B.P. Pal, Director General, Indian Council of Agricultural Research, did not find itself in a position to approve the release of this variety.

The Central Variety Release Committee, which also considered the proposal, did not agree to the release of the above variety for national use. However, it may be mentioned that the variety has been released by the Rajasthan State Variety Release Committee for cultivation in that State.

(b) As the variety has not been released for National use by the Central Variety Release Committee, the Govt. of India has not initiated any action for the multiplication of its seed for supply to the farmers.

**Development, Production, Marketing and consumption of Soyabeans**

4477. SHRI GADILINGANA GOWD : Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether Government have drawn up any comprehensive plan with the cooperation of the States for the development, production, marketing and consumption of soyabeans in the country; and

(b) if so, the States which have cooperated in this respect and the details of the plan accepted finally and the action being taken to implement the same ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) Yes, Sir.

(b) During 1969-70, it was targeted to cover an area of about 16,000 acres under Soyabean cultivation in the States of Madhya Pradesh, Gujarat, Andhra Pradesh, Mysore, Uttar Pradesh, Himachal Pradesh, Haryana, Punjab and Jammu & Kashmir. This includes seed multiplication programme of Uttar Pradesh Agricultural University, Pantnagar; Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalya, Jabalpur and National Seeds Corporation Ltd.

**Allocation of funds for purchase of pest control materials and equipment for Kerala under Fourth Plan**

4478. SHRI C. K. CHAKRAPANI : Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) the additional funds allocated in the Fourth Plan for purchase of pest control materials and equipment for the Kerala State ; and

(b) whether any study has been made in this regard on the additional equipment of the State ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) In the Fourth Plan of Kerala, a financial outlay of Rs. 72·50 lakhs

has been proposed. Of this outlay Rs. 15 lakhs is for Capital expenditure. In addition, institutional finance of the order of Rs. 140 lakhs for purchase and sale of plant protection requisites has also been projected by the State Government. There is also a provision of Rs. 134 lakhs for Plant Protection Schemes for Coconut.

(b) Yes, Sir. The requirements of equipment (as well as pesticides) are assessed annually in the Directorate of Plant Protection under the Department of Agriculture. At the end of 1968-69, the State Department of Agriculture had 9,432 units of various types of plant protection machines. During the current year, they proposed to purchase 1,210 additional units.

**Increased voltage for Calicut and other A.I.R. stations of south**

4479. SHRI C. K. CHAKRAPANI : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) the steps taken to increase the low voltage and better transmission thereby of the Calicut Station of the All India Radio ; and

(b) the reasons for the delay in the implementation of the Survey Team findings for increased voltage for the Stations in the South ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) The low power transmitter which was set up at Calicut in 1950 was replaced by a transmitter of higher power in Dec. 1964. It now provides adequate service in the region.

(b) No such survey team was appointed. The question of delay in implementation of its findings does not, therefore, arise. Proposals for establishment of new stations and increasing the power of existing stations in the Southern part of the country are considered and decided upon in the context of the overall development plans of All India Radio.

**केन्द्रीय यन्त्रीकृत कृषि प्रक्षेत्र सूरतगढ़ राजकीय कृषि निगम प्राईवेट लिमिटेड को हस्तातरण**

4480. **श्री प० ला० बाख्याल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय यंत्रीकृत कृषि प्रक्षेत्र सूरतगढ़ (राजस्थान) राजकीय प्रक्षेत्र निगम को दे दिया गया है और यदि हां, तो इसके कर्मचारियों की संख्या कितनी है उनके नाम क्या हैं ;

(ख) क्या इस प्रक्षेत्र की परती भूमि किसानों या ठेकेदारों को इस वर्ष हिस्से के रूप में या ठेके पर दी गई है और यदि हां, तो इसका आधार क्या है; और

(ग) क्या इस प्रक्षेत्र की शेष परती भूमि, भूमि-हीन किसानों को, विशेषकर हरिजनों को इसी प्रकार दी जायेगी ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे)** : (क) भारतीय राजकीय फार्म निगम मर्यादित ने, जो एक सरकारी क्षेत्रक संस्थान है, पहली अगस्त, 1969 से सूरतगढ़ फार्म सहित सभी केन्द्रीय राजकीय फार्मों के प्रशासन को सम्भाल लिया है। सूरतगढ़ फार्म के नियमित कर्मचारियों की संख्या लगभग 500 है। कर्मचारियों के नाम बताने में काफी समय और मेहनत लगेगी जो प्राप्त होने वाले सम्भावित परिणामों के अनुकूल नहीं होगी।

(ख) रबी की खेती के समय सूरतगढ़ फार्म के कर्मचारियों ने हड़ताल करने की धमकी दी थी। जब कि कर्मचारी संघ के साथ बातचीत चल रही थी, फार्म के प्रबन्धकों ने बटाई के आधार पर गैर-सरकारी पार्टियों को लगभग 3,700 एकड़ भूमि दे दी थी। यह बातचीत सफल हुई और हड़ताल का नोटिस वापिस ले लिया गया। शेष क्षेत्र में अपने कर्मचारियों और मशीनों की सहायता से फार्म प्रबन्धकों ने खेती कराई।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है कि भूमि का कोई भाग भूमिहीन किसानों या किसी अन्य को दिया जाये।

**Losses suffered by co-operative societies and change in its structural base**

4481. SHRI S. C. SAMANTA: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to large losses being suffered by a large number of co-operative societies due to lack of scientific management, injudicious purchases, dependence or controlled commodities and thefts and misappropriation, etc. and steps being devised to eliminate these evils;

(b) the nature of the loss suffered in the years 1967-68 and 1968-69 upto the end of October last by the cooperative sector; and

(c) the nature of change in the structural base of consumer cooperatives as suggested by Shri M. S. Gurupadaswamy on the 16th September, 1969 at Visbakhapatnam while speaking at the conference of the Wholesale Central Consumer Cooperative Stores with a view to achieve the objective of ensuring fair distribution of consumer goods and stabilising prices?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): Assuming that the Question relates to consumer cooperatives, replies to the parts a, b, & c of the Question are as under:

(a) Yes, Sir.

(b) Of the 351 functioning central/wholesale stores information available for 328 central/wholesale stores revealed that 190 such stores incurred losses during the year 1967-68. Of the 60 department stores, functioning during that year, 36 incurred losses. Information regarding primary consumer cooperatives for the year 1967-68 has not been compiled in the Central Government.

Audited accounts for the year 1968-69 in the case of most of the central/wholesale stores and department stores are not yet ready and the nature of losses incurred by them is not yet known. The position regarding 1969-70, up to the end of October last, will be known only after the accounts for the year 1969-70 are finalised.

(c) The programme for the development of consumer cooperatives included in the Fourth Five Year Plan envisages the following change in their structural base:

(*i*) primary consumer cooperatives, that are weak and not economially viable, should be liquidated or amalgamated with central/wholesale stores.

(*ii*) central/wholesale stores should be re-organised and strengthened, with a view to building them up as multiretail unit cooperative societies;

(*iii*) good and potentially viable primary consumer cooperatives should be further strengthened, so that they may function as large retail stores, with a diversified range of business; and

(iv) central/wholesale consumer co-operatives should set up large-sized retail outlets on modern lines as their branches.

**Government Advertisements to Dailies and Journals**

4482. SHRI S. K. SAMBANDHAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) the forms followed by Government to give publicity matters to national dailies and journals; and

(b) the details of such publicity given by the various departments during 1968-69 ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) Publicity material issued by the Press Information bureau, including Press Communiques, Press Notes, handouts, speeches of Ministers, feature articles, etc. are issued to all important daily newspapers and periodicals in English and 12 Indian languages. At present 4,304 newspapers and periodicals are on the mailing list of the Bureau.

(b) During the year 1968-69, 59,011 publicity releases were issued.

**Import of foodgrains**

4484. SHRI ABDUL GHANI DAR: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) the agreement made for further imports of foodgrains during the current year; and

(b) the foreign exchange to be paid gainst imports to be made ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) and (b). On the 13th October, 1969 the Government of India entered into an agreement with the Government of the U.S.A. for supply of 3 million metric tons of wheat during the U.S. fiscal year 1970 which ends on 30th June, 1970. Of this 21,57,000 metric tons valued at approximately 114·9 million dollars are to be supplied under Convertible Local currency Credit-terms and 8,43,000 metric tons valued at 44·9 million dollars are to be supplied under Local Currency terms. The payment for the 21,57,000 metric tons of wheat to be shipped under Convertible Local Currency Terms will be made in foreign exchange in 31 equal annual instalments. The first instalment will become due ten years after date of last delivery of the commodity. No immediate payment of foreign exchange for this wheat is therefore involved.

Another agreement was concluded on the 17th November 1969, under which the Australian Government have agreed to provide India on a grant basis without reimbursement with 70,000 Metric Tons of Australian wheat. The entire quantity is expected to arrive in India by the end of December 1969. Being a grant, no foreign exchange is to be paid against this import.

**Tributes paid to former speaker by M. Ps. blacked out by A. I. R.**

4485. SHRI ABDUL GHANI DAR : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the A. I. R. used television in connec-

tion with tributes paid to Shri V.V. Giri, when he resigned the Chairmanship of Rajya Sabha;

(b) if so, whether it is also a fact that the tributes paid to Dr. N. Sanjiva Reddy former Speaker by M. Ps. when he resigned were blacked out; and

(c) if so, whether Government issued instructions to that effect?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Yes, Sir. The Television bulletin put out on the 22nd July carried a news item about tributes paid to Shri V.V. Giri.

(b) No, Sir. While TV missed this item, the tributes paid to Shri Sanjiva Reddy were put out in a large number of radio news bulletins in several lagnguages including English, Hindi, Sindhi, Dogri, Punjabi, Gorkhi, Marathi, and Gujarati. The tributes paid to Shri Reddy were also carried in the Parliamentary Reviews including 'Today in Parliament' (English) and 'Sansad Sameeksha' (Hindi).

(c) Government issued no instructions about these matters to All India Radio.

**डाक तथा तार सर्किल उत्तर प्रदेश में टेलिग्राफिस्टों की वरीयता में परिवर्तन**

4486. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक तथा तार महानिदेशक के पत्र संख्या 253/9/64 एस० टी० बी० दिनांक 9 जुलाई, 1964 तथा डाक तथा तार महानिदेशक के सर्कुलर संख्या 23 दिनांक 5 दिसंबर 1949 के अनुसार टेलीग्राफिस्टों की वरीयता में परिवर्तन किया गया था;

(ख) क्या यह भी सच है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा पंजाब उच्च न्यायालय के द्वारा क्रमशः दिनांक 7 अप्रैल, 1964 तथा 4 अक्तूबर, 1963 को दिये गए निर्णयों में वरीयता में परिवर्तन को अवैध करार दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो क्या इस विभाग में उपर्युक्त सर्कुलर अभी तक लागू है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और उत्तर प्रदेश सर्किल में उपरोक्त नियम से प्रभावित व्यक्तियों के नाम, पदनाम तथा पते क्या हैं?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह)** : (क) जी हां, तार संकेतकों की वरिष्ठता डाक-तार महानिदेशक के तारीख 9-7-64 के पत्र संख्या 253/9/64-एस० टी० बी० द्वारा विनियमित है, जो कि उक्त विषय पर पहले के सभी आदेशों के जिनमें डाकतार महानिदेशक का तारीख 5-12-49 का परिपत्र संख्या 23 भी शामिल है, अधिक्रमण में जारी किया गया है।

(ख) जी नहीं। सदस्य महोदय ने जो निर्णय उद्धृत किये हैं, हमें उनके बारे में जानकारी नहीं है।

(ग) डाक तार महानिदेशक का तारीख 5-12-49 का परिपत्र संख्या 23 अब लागू नहीं है।

(घ) मद (ग) क उत्तर को मद्देनजर रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

**रेहड़ी वालों आदि की सहकारी समितियां बनाना**

4487. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के सहकारिता विभाग ने अक्तूबर, 1969 में, रेहड़ी वालों, टांगेवालों, रिक्शावालों तथा धोबियों की सहकारी उपसमितियां स्थापित करने तथा उन्हें आर्थिक सहायता देने का निर्णय किया था ; और

(ख) यदि हां, तो अब तक स्थापित की गई सहकारी समितियों का ब्यौरा क्या है तथा उनसे कितने व्यक्तियों को लाभ पहुंचा है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकासतथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे)**: (क) जी हां।

(ख) अक्तूबर, 1969 के बाद गठित की गई ऐसी समितियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

| समिति का नाम | सदस्यता | अंश पूंजी |
|---|---|---|
| | | रु० |
| 1. धोबी सहकारी समिति | 13 | 130 |
| 2. रेहड़ी-चालक सहकारी समिति | 15 | 150 |

धोबियों, रेहड़ी चालकों, टांगा-चालकों और रिक्शा-चालकों के लिए और समितियां गठित करने के प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है।

**टेलीफोन सलाहकार समिति, लखनऊ**

4488. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लखनऊ सर्किल संबंधी टेलीफोन सलाहकार समिति की वाराणसी (काशी) में 10 अक्तूबर, 1969 को एक बैठक हुई थी ; और

(ख) यदि हां तो टेलीफोन सम्बन्धी सुविधाओं के बारे में बैठक में सदस्यों के द्वारा व्यक्त की गई शिकायतों तथा अन्य विशिष्ट कठिनाइयों का ब्यौरा क्या है तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह)** : (क) जी हां।

(ख) अपेक्षित सूचना सभापटल पर रखे गये विवरण में दी गई है। [**ग्रन्थालय में रख दिया गया। देखिये संख्या** LT–2420/69]

**डाक विभाग में कुप्रबन्ध**

4489. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 15 सितम्बर, 1969 के दैनिक समाचार पत्र "आज" में प्रकाशत हुए इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें डाक विभाग में कुप्रबन्ध का उल्लेख किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह)** : (क) जी हां। इस समाचार में डाक-घरों के कार्य की आलोचना की गई है। किन्तु इसमें दी गई अधिकांश बातें सामान्य और अस्पष्ट हैं।

(ख) इस समाचार में दिए गए विशिष्ट मामलों की जांच-पड़ताल की जा रहीं है और इस मामले में समुचित कारवाई की जाएगी।

**Nationalisation of Sugar Industry in U. P.**

4490. SHRI BABURAO PATEL: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Government of Uttar Pradesh has intimated its intension of nationalising the sugar industry by taking over 73 sugar mills and sought the sanction of Government;

(b) whether it is also a fact that a compaign for nationalisation of sugar industry in Uttar Pradesh has been launched by leading congressmen; and

(c) whether the Union Government has decided to appoint a high-powered sugar council to prepare the plan for nationalisation of the sugar industry, state by state; if so, by what time the first lot of sugar mills will be acquired by the Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) No, Sir. The Chief Minister of Uttar Pradesh suggested that an all India policy on the question of nationalisation of sugar undertakings should be evolved through discussions and that he would welcome such a policy.

(b) Some political parties including the Congress Party have demanded nationalisation of sugar undertakings.

(c) The Government have decided to set up a Committee to study the working of the sugar industry in the context of the demand for nationalisation of sugar undertakings in certain areas. The Committee will also enquire into other connected matters.

**Loans to farmers by Nationalised Banks and Agricultural Apex Banks**

4491. SHRI MANGALATHUMADAM: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the nationalised banks and the agricultural banks have recently changed their policy in giving loans to the farmers consequent on the paucity of the storage facilities with warehouses; and

(b) whether any decision has been taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**Working of the General Telephone Directory enquiry system in Delhi**

4492. SHRI MANGALATHUMADAM: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that of late General Telephone Directory Enquiry system in Delhi is not at all working satisfactorily; and

(b) the reason thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI SHER SINGH): (a) No. On the other hand, there has been a progressive improvement in

the quality and promptness in service.

(b) Question does not arise in view of reply to (a) above.

**कोटा, राजस्थान में मीन उद्योग विभाग की स्थापना**

4493. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने कोटा, राजस्थान में मीन उद्योग विभाग की स्थापना की है;

(ख) क्या उक्त विभाग ग्रामों के निर्धन बच्चों में भी मछलियां बांटता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त विभाग कोटा, दाम, राणा प्रताप सागर और जवाहर सागर में मछली पालन का कार्य कर रहा है ;

(घ) यदि हां, तो उस विभाग पर अब तक कितना धन व्यय किया गया; और

(ङ) उत्पादन में कितनी वृद्धि हुई ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) तथा (ख). केन्द्रीय सरकार ने कोटा में कोई मीन उद्योग एकक स्थापित नहीं किया है । लेकिन राज्य सरकार ने व्यावहारिक पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार की विशेष सहायता से कोटा में एक एकक स्थापित किया है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मछली जैसे पोषणात्मक भोजन गर्भवती स्त्रियों तथा गरीब बच्चों को मुफ्त वितरित किया जाता है ।

(ग) से (ङ). एकक के कार्य की जानकारी राज्य सरकार से उपलब्ध की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

**कोटा, राजस्थान में मत्स्य पालन उद्योग की प्रगति**

4494. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोटा, राजस्थान में पिछले तीन वर्षों में मत्स्य पालन उद्योग में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ; और—

(ख) इस बारे में किन किन स्थानों में प्रयोग किये गये हैं ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे)**: (क) और (ख). जानकारी इकट्ठी की जायेगी और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**Recovery of amount from the settlers at Nilokheri**

4495. SHRI SURAJ BHAN: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) the amount Government have recovered back from the settlers at Nilokheri in the form of rent and sale proceeds of plots and other lands etc.;

(b) whether the amount recovered exceeds the amount invested by Government and if so, whether it is not an injustice with those who are being defrauded in the name of cooperative sector; and

(c) whether Government have thought over the propriety of appointing a new administrator at the Colony to mitigate their grievances?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

(c) The appointment of the Administrator is the concern of the State Government.

**Expenditure incurred on Nilokheri Colony**

4496. SHRI SURAJ BHAN: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) the total expenditure incurred so far in connection with the construction and layout of the Nilokheri Colony (in Haryana) as well as the estimated original allocation for the said colony by Government;

(b) whether the experiment in Co-operative Sector has been upto the expectations of Government and whether Government are satisfied with the progress; and

(c) if not, whether Government have any other plan to invest or allocate more funds by setting up new industries in the colony to help the refugees to earn their livelihood as Government have left them in the lurch after the failure of the experiment causing more unemployment?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**बूचड़खानों में काम करने वाले लोगों की संख्या**

4497. **श्री राम गोपाल शालवाले** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अगस्त, 1947 में की गई जन-गणना के समय या इसके आस-पास प्रत्येक बूचड़खाने में काम कर रहे व्यक्तियों में मुसलमानों, हिन्दुओं तथा अन्य व्यक्तियों की संख्या कितनी-कितनी थी ; और

(ख) पुराने तथा नव स्थापित बूचड़खानों में से प्रत्येक में इस समय काम कर रहे मुसलमानों, हिन्दुओं तथा अन्य व्यक्तिओं की संख्या कितनी है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) जनगणना में जाति या धर्म के आधार पर आबादी के व्यावसायिक विभाजन के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है । 1951 की जनगणना में पशु वध का काम करने वाले लोगों की कुल संख्या भी अलग रूप से उपलब्ध नहीं है ।

(ख) जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

**संसद में हिन्दी में दिये गये भाषणों की रिपोर्टिंग करने के लिये और अधिक हिन्दी संवाददाताओं की आवश्यकता**

4498. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** :
**श्री शिव कुमार शास्त्री** :

क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संसद में मूल रूप से हिन्दी में होने वाले भाषणों की रिपोर्ट समाचारपत्रों को भेजने के लिए नियुक्त किये गये हिन्दी समाचारपत्रों के संवाद्दाताओं की संख्या, इस बात को देखते हुए कि संसद की आधे से अधिक कार्यवाही हिन्दी में होती है , आवश्यकताओं के अनुरूप है ;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है, और

(ग) यह व्यवस्था कब तक हो जाएगी ।

**सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल)** : (क) संसद के दोनों सदनों में हिन्दी में होने वाले भाषणों की आकाश-वाणी के समाचार बुलेटिनें तथा संसदीय कार्यवाहियों से सम्बन्धित अन्य कार्यक्रमों के लिये रिपोर्ट भेजने को पर्याप्त व्यवस्था है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

**हापुड़ टेलीफोन एक्सचेंज में सीधे टेलीफोन करने की सुविधायें**

4499. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** :

**श्री शिवकुमार शास्त्री** :

क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हापुड़ टेलीफोन एक्सेंचज से सिंभावली स्थित चीनी मिल को तथा गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन के निकट के बिजली घर को सीधे टेलीफोन करने की सुविधायें उपलब्ध है ;

(ख) यदि हां, ोहापुड़ टेलीफोन एक्सचेंज से उपरोक्त दोनों स्थानों का सीधा टेलीफोन सम्बन्ध स्थापित करने में कया कठिनाईयां हैं ;

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त दोनों स्थानों तथा स्याना (बुलन्दशहर) का हापुड़ टेलीफोन एक्सचेंज से टेलीफोन सम्बन्ध स्थापित करने का है ताकि इन दोनों स्थानों पर भी दिल्ली में सीधा टेलीफोन करने की सुविधा उपलब्ध हो सके ; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है ?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह)** : (क) जी हां ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) हापुड़ और नई दिल्ली के बीच उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग व्यवस्था हो जाने पर सिंभावली स्थित चीनी मिल और गढ़मुक्तेश्वर के बिजली घर को भी यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी । स्याना में एक छोटा टेलीफोन केन्द्र है, जिसका मूल सम्बन्ध केवल हापुड़ ट्रंक एक्सचेंज से ही जुड़ा हुआ है, और इस एक्सचेंज के उपभोक्ताओं को उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सुविधाएं पहुंचाने का कोई प्रस्ताव नहीं है

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय के हिन्दी समाचार विभाग के लिये स्वतन्त्र दर्जा**

4500. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन के मन्त्रालय को हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक में हिन्दी समाचार विभाग को पूर्णतया स्वतन्त्र बनाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया था ;

(ख) क्या यह सच है कि उन्होंने उपरोक्त प्रस्ताव को सिद्धान्त रूप से स्वीकार कर लिया था ; और

(ग) उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किये जाने की सम्भावना है ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल)** : (क) आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग के हिन्दी एकक को स्वावलम्बी बनाने के एक प्रस्ताव पर मन्त्रालय की सूचना और प्रसारण हिन्दी समिति द्वारा विचार किया गया था ।

(ख) जी हां ।

(ग) अतिरिक्त पदों को बनाने पर कार्रवाई की जा रही है । आशा है कुछ ही महीनों में एकक पर्याप्त रूप से मजबूत कर दिया जायेगा ।

**दिल्ली के स्कूलों के अध्यापकों की सहकारी गृह-निर्माण संस्था**

4502. **श्री रघुबीर सिंह शास्त्री :**
**श्री अर्जुन सिंह मदौरिया :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री 28 अगस्त, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5155 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बातने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जांच इस बीच पूरी हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं और समिति के सदस्यों के और पदाधिकारियों के नाम और पते क्या हैं तथा उनके द्वारा जमा की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके कब तक पूरा हो जाने की आशा है ।

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे)** : (क) से (ग). दिल्ली स्कूल टीचर्स को-आपरेटिव सोसायटी के विरुद्ध जो विशेष जांच आरम्भ की गई थी वह समिति की प्रबन्ध समिति के असहयोग के कारण प्रगति न कर सकी । दिल्ली के सहकारी समितियों के पंजीयक ने 3-11-1969 से वर्तमान प्रबन्ध समिति को विस्थित कर दिया है तथा उसके स्थान पर एक अन्य समिति मनोनीत कर दी है और पहले वाली जांच वापिस ले ली गई है । नई समिति में निम्नलिखत व्यक्ति हैं :—

अध्यक्ष

1. श्री भगवान स्वरूप भारद्वाज, ग्राम तथा डाकखाना, नागलोई ।

सदस्य

2. श्री ईश्वर दास, एफ 1/28, कृष्णनगर, दिल्ली ।
3. श्री विजयपाल सिंह, 394 गली मंदिर, गांधीनगर, दिल्ली ।
4. श्री प्रकाश चंद शास्त्री, गवर्नमेंट हायर सेकन्ड्री स्कूल, शहादरा ।
5. श्री सुरेश चन्द्र वाजपेयी, एस० आर० एस० डी०, हायर सेकन्ड्री स्कूल, लाजपत नगर, नई दिल्ली ।
6. श्री यू० एच० वरयानी, ई-57, अमर कालोनी, लाजपत नगर, नई दिल्ली ।
7. श्री अमर नाथ सिंगल, जे-323, सरोजनी नगर, नई दिल्ली ।
8. श्री बृजेश्वर प्रसाद, उप पंजीयक, सहकारी समितियां, दिल्ली ।
9. श्री ज्ञान चंद, सहायक निदेशक (शिक्षा), दिल्ली प्रशासन, दिल्ली ।

समिति के सदस्यों के नाम व पते और उनके द्वार जमा की गई राशियों का पता तब चल सकेगा जब नई प्रबन्ध समिति समिति के अभिलेखों को ठीक कर पाएगी । मनोनीत समिति इस बारे में कार्यवाही कर रही है ।

**विज्ञापन प्रसारणों से होने वाली आय का टेली-विजन तथा प्रसारण सेवा के विस्तार के लिये उपयोग**

4503. **श्री रघुबीर सिंह शास्त्री :**
**श्री कंवर लाल गुप्त :**
**श्री वंश नारायण सिंह :**
**श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :**
**श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
**श्री शिव कुमार शास्त्री :**
**श्री रा० कृ० बिड़ला :**

क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार विज्ञापनों के प्रसारण से होने वाली आय का देश में विशेषकर

ग्रामीण तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में टेलीविज़न तथा प्रसारण सेवाओं के विस्तार के लिये उपयोग करने का है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में किये गये निर्णय का ब्यौरा क्या है ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल)**: (क) और (ख). क्योंकि आकाशवाणी सरकार का एक विभाग है, अतः व्यापारिक सेवा से होने वाली आय केन्द्रीय राजस्व में जमा की जाती है और इसको किसी भी काम पर सीधे इस्तेमाल करने का प्रश्न नहीं उठता। ग्रामीण तथा सीमावर्ती क्षेत्रों समेत देश में टेलीविज़न तथा प्रसारण सेवा के विस्तार के लिये धन की व्यवस्था बजट पद्धति के अनुसार सरकार के सभी साधनों में से की जाती है तथा व्यापारिक प्रसारण से होने वाली आय को ध्यान में रखते हुए टेलीविज़न तथा प्रसारण सेवाओं में सुधार करने पर सामान्य रूप से अभी विचार किया जाना है।

**भारत और विदेशों में उर्वरकों की खपत**

4504. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** :
**श्री अदिचन** :
**श्री सीताराम केसरी** :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में उर्वरकों की खपत के लक्ष्य प्राप्त नहीं किये जा सके हैं और देश में उर्वरकों की खपत न केवल विकसित देशों में इनकी खपत की तुलना में अपितु उर्वरकों की खपत के अन्तर्राष्ट्रीय औसत की तुलना में भी बहुत कम है ;

(ख) चालू वर्ष के लिये उर्वरकों की खपत के क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं और इन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया गया है ;

(ग) निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त न कर सकने के क्या कारण हैं ; और

(घ) देश में उर्वरकों की खपत बढ़ाने के लिये सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) यह सच है कि कुछ समय से उर्वरकों की वास्तविक खपत लक्ष्य से कम है। यद्यपि भारत में कृष्य भूमि में प्रति हैक्यटेयर उर्वरकों की खपत, उर्वरकों की खपत के अन्तर्राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम है तथापि यह ध्यान देने योग्य बात है कि वे सभी परिस्थितियां जिन में विकसित देशों में उर्वरकों की खपत होती है, भारत में उबलब्ध नहीं है।

(ख) चालू वर्ष के लिये उर्वरकों की खपत के निर्धारित कार्यकारी लक्ष्य नोट्रोजन, पी$_2$ ओ$_5$ तथा के$_2$ ओ के लिये क्रमशः 17, 6 तथा 3 लाख मीटरी टन हैं। चूंकि उर्वरकों का प्रयोग रबी फसलों पर अभी किया जा रहा है, यह बताना सम्भव नहीं है कि चालू वर्ष में इन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया जा सकता है।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता।

(घ) सरकार इस समस्या को समझती है और व्यापार सम्बन्धी लायसैन्सों की पद्धति को उदार करके और ऋण की सुविधाओं को बढ़ा कर के खपत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये उपर्युक्त कदम उठा रही है। सरकार देश में उर्वरक के प्रयोग सम्बन्धी वर्तमान प्रोत्साहनात्मक प्रयत्नों को तीव्र करने के लिये एक उर्वरक प्रोत्साहन संगठन की स्थापना पर भी विचार कर रही है।

**आकाशवाणी, दिल्ली का विस्तार**

4505. **श्री वंश नारायण सिंह** :
**श्री कंवर लाल गुप्त** :

क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली के लिये एक नया आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने की सरकार की कोई

योजना है अथवा सरकार का विचार दिल्ली के वर्तमान आकाशवाणी केन्द्र का विस्तार करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० क० गुजराल)**: (क) और (ख). वर्तमान दिल्ली केन्द्र, दिल्ली के समस्त क्षेत्र को संतोषजनक सेवा प्रदान करता है। अत: दिल्ली के लिये नये स्टेशन की स्थापना अथवा वर्तमान स्टेशन को विस्तार करने का प्रस्ताव नहीं है। तथापि, जुलाई, 1969 से युवावाणी चैनल के चालू होने के साथ, दिल्ली केन्द्र को कुछ विस्तार करने का काम पहले ही हो चका है।

**फिल्मों में चुम्बन के प्रदर्शन को अनुमति देने के पक्ष तथा विपक्ष में अभ्यावेदन**

4506. **श्री कंवर लाल गुप्त** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय फिल्मों में चुम्बन की अनुमति देने अथवा न देने के बारे में सरकार को कुल कितने अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और इनमें अभ्यावेदन फिल्म कलाकारों से इसके पक्ष अथवा विपक्ष में प्राप्त हुए हैं और इन अभ्यावेदनों में क्या आम विचार व्यक्त किये गये हैं; और

(ख) इस बारे में निर्णय कब तक किये जाने की सम्भावना है ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० क० गुजराल)**: (क) सरकार को विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और लोगों से 107 अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। फिल्म कलाकारों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इन अभ्यावेदनों में जो आम राय व्यक्त की गई है वह भारतीय फिल्मों में चुम्बन के विरुद्ध है।

(ख) फिल्म सेंसर सम्बन्धी खोसला समिति की समूची रिपोर्ट विचाराधीन है। इन सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लेने में कुछ और समय लगेगा।

**Rehabilitation of Landless People in Kumaon Region**

4507. SHRI J. B. S. BIST: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4461 on the 21st August, 1969 and state:

(a) whether the assurance given in reply to part (b) of he question has since been fulfilled, if so, the details thereof;

(b) whether a copy of the Report of the Committee constituted under the Chairmanship of Shri B. D. Sanwal to go into the problems of landless people of Kumaon area will be laid on the Table of the House; and

(c) whether Government have started taking action to implement all the recommendations made by the Committee, if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) and (b). The statement fulfilling the assurance and copies of the Report of the Committee constituted under the Chairmanship of Shri B. D. Sanwal, have been sent to the Department of Parliamentary Affairs (Implementation Branch), New Delhi vide this Ministry's Office Memorandum No. 11-5/69-Parl. Vol. II., dated the 21st November, 1969, for being placed on the Table of the Lok Sabha.

(c) The Committee was appointed by the Government of Uttar Pradesh. The State Government has reported that some of the recommendations have already been implemented and others are under consideration of that Gove nment.

**आकाशवाणी के मथुरा केन्द्र से प्रसारित होने वाला ब्रज-माधुरी कार्यक्रम का प्रसारण**

4508. **श्री शिव चरण लाल** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र से ब्रज भाषा में प्रसारित होने वाल कार्यक्रमों के स्तर में सुधार हुआ है जब कि आकाशवाणी के मथुरा केन्द्र से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का स्तर गिर गया है;

(ख) क्या 'शरद पूर्णिमा' के दिन हिन्दी ब्रज भाषा और उर्दू में शायरी का मिलाजुला कार्यक्रम निर्जीव और बचकाना था;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश के उच्च कोटि के कवियों को इस कार्यक्रम के लिये आमंत्रित नहीं किया गया था; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल)** : (क) से (ग). जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

**आकाशवाणी के मथुरा केन्द्र में प्रोड्यूसर की नियुक्ति**

4509. **श्री शिव चरण लाल** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री 24 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 7540 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस आधार पर कि आकाशवाणी, दिल्ली द्वारा प्रसारित किये जाने वाले बृज-कार्यक्रम के प्रोड्यूसर प्राय: मथुरा केन्द्र में जाते रहते हैं और दिल्ली तथा मथुरा स्थित केन्द्रों से बृज भाषा में एक जैसे कार्यक्रम ही प्रसारित किये जाते हैं, मथुरा स्थित आकाशवाणी केन्द्र में कोई प्रोड्यूसर नियुक्त करने का सरकार का विचार नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो मथुरा के केन्द्र का दौरा करने वाले प्रोड्यूसरों के नाम क्या हैं और जुलाई से सितम्बर, 1969 के बीच वे कितनी बार तथा किन-किन तारीख को मथुरा गये, और अपने प्रत्येक दौरे की अवधि में वे कितने दिन तक मथुरा केन्द्र में ठहरे और मथुरा केन्द्र से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में उन्होंने क्या योगदान दिया ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल)** : (क) जी, नहीं । इसका मुख्य कारण यह है कि मथुरा से इस समय इतने कार्यक्रम प्रसारित नहीं होते जिस से उस केन्द्र पर प्रोड्यूसर की नियुक्ति का औचित्य हो ।

(ख) उल्लिखित अवधि के दौरान मथुरा का कोई दौरा नहीं किया गया और न ही उसकी कोई आवश्यकता थी ।

**आकाशवाणी के मथुरा केन्द्र से प्रात: कालीन प्रसारण**

4510. **श्री शिव चरण लाल** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के वित्त मन्त्री श्री लक्ष्मीरमण आचार्य को एक पत्र में यह आश्वासन दिया गया था कि आकाशवाणी के मथुरा केन्द्र से प्रात: कालीन प्रसारणों का कार्यक्रम चालू किया जायेगा; और

(ख) यदि हां, तो इस कार्यक्रम को अब तक चालू न करन के क्या कारण हैं ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य-मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल)**: (क) जी, हां। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री लक्ष्मीरमन आचार्य के एक पत्र के उत्तर में उन्हें यह सूचित किया गया था कि मथुरा केन्द्र पर वर्तमान सुविधाओं और कर्मचारियों की संख्या से प्रातः प्रसारण सम्भव नहीं है और स्टाफ तथा सुविधाएं उपलब्ध होने पर यह चालू कर दिया जाएगा।

(ख) इस केन्द्र के लिये अतिरिक्त स्टाफ तथा सुविधाएं प्रदान करना अभी तक सम्भव नहीं हुआ है।

**श्री चन्दगीराम को भारत भीम पुरस्कार दिये जाने का समाचार**

4511. **श्री शिव चरण लाल** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लखनऊ में हुए भारत भीम दंगल के विजेता श्री चंदगी राम को 'भारत भीम' की उपाधि दिये जाने की घोषणा आकाशवाणी के लखनऊ, इलाहाबाद केन्द्रों से प्रादेशिक भाषाओं के समाचार बुलेटिनों में प्रसारित की गई थी;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त समाचार आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र से रात्रि के 8.45 बजे प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन में प्रसारित नहीं किया गया था;

(ग) क्या यह भी सच है कि यह समाचार हिन्दी बुलेटिन के तत्काल बाद रात्रि के 9 बजे प्रसारित होने वाले अंग्रेजी के समाचार बुलेटिन में प्रसारित किया गया था ; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना हिन्दी समाचार बुलेटिन में प्रसारित न किये जाने के क्या कारण हैं ?

**सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य-मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल)**: (क) समाचार लखनऊ के शाम के 7.15 बजे के प्रादेशिक समाचार बुलेटिन जो आकाशवाणी के इलाहाबाद केन्द्र से रिले किया जाता है, प्रसारित किया गया था।

(ख) जी, हां

(ग) जी, हां।

(घ) समारोह के बारे में समाचार दिल्ली में उस समय प्राप्त हुआ था जब दिल्ली का रात्रि का 8.45 बजे का हिन्दी समाचार बुलेटिन प्रसारित हो रहा था। अतः उक्त समाचार उस बुलेटिन में सम्मिलित नहीं किया जा सका। तथापि, रात्रि के 10.35 बजे के अगले हिन्दी बुलेटिन में यह समाचार प्रसारित किया गया था।

**निर्यात के लिये आमों की नई किस्मों का विकास**

4512. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वार्षिक उत्पादन और निर्यात के लिये आमों की किन किस्मों का विकास किया गया है; और

(ख) इन्हें किसानों को कब तक उपलब्ध किये जाने की सम्भावना है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) यद्यपि भारत में आम की अच्छी किस्में कई हैं, लेकिन उत्कृष्ट स्वाद, सीमित मीठापन, आकृति व आकार के कारण निर्यात बाजारों में केवल 'अल्फोंजो' ही सामान्यतः लोकप्रिय है। किन्तु अन्य किस्में जैसे चौसा, दसहरी, लंगड़ा तथा बेनिशन भी उत्कृष्ट किस्में हैं और इनका निर्यात किया जा रहा है।

हाल ही के वर्षों में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने संकर किस्मों के आमों के विकास पर कुछ उत्कृष्ट अनुसंधान किया है। विकसित की गयी 467 संकर किस्मों में से, 2 संकर किस्में दसहरी × नीलुम तथा 'नीलुम × चौसा' बहुत आशाजनक पाये गये, जिनमें कि अत्युत्तम फल के गुण तथा फल देने की नियमितता है।

(ख) इन दोनों संकर किस्मों का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है और यथा समय निर्मुक्त कर दी जायेंगी।

**ट्रिपिल डवार्फ गेहूं के बारे में अनुसंधान**

4513. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या **खाद्य तथा कृषि मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) "ट्रिपिल ड्वार्फ" गेहूं के बारे में अब तक किये गये अनुसंधान के क्या परिणाम निकले हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि यह अनुसंधान बेकार साबित हुआ और इस बारे में आगे अनुसंधान नहीं किया गया; और

(ग) यदि नहीं तो इसमें की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) ट्रिपिल ड्वार्फ जीन गेहूं की किस्मों के विकास के प्रयोगात्मक कार्यों के परिणामस्वरूप कुछ स्ट्रेन्स पैदा किये गये हैं, जिनकी इस समय विभिन्न स्तरों पर जांच की जा रही है। इनमें से कई स्ट्रेन्स तो विभिन्न स्थानों पर उनकी उपयोगिता के मूल्यांकन के लिये अखिल भारतीय समन्वित परीक्षणों में भी शामिल हो चुके हैं।

(ख) यह सच नहीं है कि ट्रिपिल ड्वार्फ गेहूं की किस्मों के विकास विषयक अनुसन्धान असन्तोषजनक सिद्ध हुए। कुछ काफी उत्साहवर्धक परिणाम निकले हैं। इन परिणामों को देखते हुए, ऐसी गेहूं की किस्मों पर अनुसन्धान विषयक कार्य और बढ़ाया जा रहा है, न कि उसे बन्द किया जा रहा है।

(ग) इस कार्य के परिणामस्वरूप, राजस्थान, उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय और भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान में कई 3-जीन ड्वार्फ फसलों का विकास पहले ही किया जा चुका है। जैसा कि ऊपर बताया गया है इनकी अखिल भारतीय समन्वित परीक्षणों के अन्तर्गत विभिन्न स्तरों पर जांच की जा रही है। इनमें से कुछ किस्मों से इन परीक्षणों के दौरान अच्छे परिणाम निकले हैं और इनसे कल्याण सोना नामक निर्मुक्त की गई किस्म के उत्पादन के लगभग बराबर ही उपज प्राप्त हुई है। आगे और जांच के पश्चात 3-जीन ड्वार्फ गेहूं की एक या अधिक किस्में सामान्य खेती के लिये निर्मुक्त किये जाने की सम्भावना है। इनसे गेहूं की उपज के स्थिरीकरण में सहायता मिलेगी, क्योंकि पछेती वर्षा तथा मार्च में ओले पड़ने से फसल गिरने का इन पर प्रभाव नहीं पड़ता है।

**मक्का का उत्पादन**

4514. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संकर मक्का सम्बन्धी परीक्षण फिजूल रहा है और मांग न होने के कारण पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय ने संकर मक्का के बीजों का उत्पादन बन्द कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो समूचे देश में मक्का के उत्पादन को बढ़ाने के लिये क्या क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं; और

(ग) पिछले दो वर्षों में तथा चालू वर्ष में क्रमशः कितने क्षेत्र में मक्का की खेती की गई तथा उसके उत्पादन सम्बन्धी आंकड़े क्या हैं?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) जी नहीं । इस के विपरीत पिछले 3 सालों में संकर मक्का के अन्तर्गत क्षेत्र 2,00,000 हैक्टेयरों से बढ़कर 3,00,000 हैक्टेयर हो गया ।

(ख) प्रश्न, नहीं होता ।

(ग) पिछले दो सालों में मक्का के अन्तर्गत क्षेत्र तथा उसका उत्पादन नीचे दिया गया है । 1969–70 में मक्का के बारे में कोई पक्के अनुमान अभी नहीं दिये जा सकते हैं ।

| | 1968–69 | 1967–68 |
|---|---|---|
| क्षेत्र (हजार हैक्टेयरों में) | 5,715.8 | 5,853.4 |
| उत्पादन (हजार मीटरी टनों में) | 5,701.1 | 6,269.3 |

**Food Deficit in the Country**

4515. SHRI BALRAJ MADHOK : Will the MINISTER OF FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether any estimate has been made of the total food deficit in the country in the year 1969;

(b) how it compares with the food deficit in the year 1968; and

(c) which of the States showed surplus and which showed deficit and the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) to (c). The demand of foodgrains is elastic and is governed by a number of factors like population, material prosperity of the people, their food habits, extent of urbanization, availability and prices of other substitute foods, etc. In the developing economy of India these are constantly changing. It is, therefore, difficult to assess the requirements and consequently the deficit of the country during any particular year.

Much more difficult is the assessment of surplus or deficit of individual States. A State may be surplus in one grain and deficit in another.

During a year of low production, people generally manage with a smaller quantity of foodgrains than that consumed during a year of good production.

During the year 1969, all-India production of foodgrains was slightly lower than that of 1968. Taking into account the annual increase in population therefore, the food deficit during 1969 may be considered to be slightly higher than that of 1968.

As regards individual States, taking all the food-grains together, Andhra Pradesh, Haryana, Madhya Pradesh, Orissa, Punjab and Uttar Pradesh have been able to make a net contribution to the Central pool during 1969. The others have been net drawers out of the Central pool.

**Facilities to East Pakistan Refugees in Kalkaji Colony in New Delhi**

4516. SHRI DEVEN SEN : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether Government propose to offer economic rehabilitation to the dependents of the settlers by providing adequate number of shops and shopsheds and opening Training-*cum*-pro-

duction centres (small and small-scale industries—Technical and handicrafts) in the East Pakistan displaced persons colony near Kalkaji, New Delhi ;

(b) if so, the propositions of Government in this behalf ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) to (c). The Scheme of allotment of plots in the East Pakistan Displaced Persons Colony near Kalkaji was aimed at providing land for construction of houses by those Displaced Persons from East Pakistan who were already gainfully employed in Delhi. There is no question of providing for economic rehabilitation of the dependents of these Displaced Persons. A number of shop-sites have been provided in the lay-out plan of the colony which will be disposed of by auction and the Displaced Persons or their dependents can also bid if and when they are put to auction. It is a residential colony; hence there is no scope in it for industries of any type.

**Construction of Schools Dispensaries and Markets in Kalkaji Colony New Delhi**

4517. SHRI DEVEN SEN : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether Government propose to construct public utility buildings—*e.g.* schools, dispensaries, markets etc. through Government agencies (Central and Local Administration) simultaneously with house building, for the settlers of the East Pakistan displaced persons colony near Kalkaji, New Delhi ;

(b) if so, how Government propose to execute them ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) to (c). Sites for public utility buildings *viz.* Schools, dispensaries etc. have been set apart in the layout plan of the colony. These buildings will be constructed in due course by the concerned local and other authorities in accordance with the normal rules and practice. A suitable number of sites for shops have also been provided in the layout plan of the colony. These sites will be disposed of by auction and the successful bidders will be required to construct shops thereon within a specified time limit.

**Allotment of Plots in Delhi to Displaced Persons from West Pakistan**

4518. SHRI DEVEN SEN : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) Whether the provisions of Resettlement of Displaced Persons (Land Acquisition) Act, 1948 (Act IX of 1948) and Re-Settlement of Displaced Persons (Land Acquisition) (Delhi State) Rules, 1951 were applicable to the displaced persons from West Pakistan in the Union Territory of Delhi ; and

(b) if so, the terms and conditions under which allotment of plots—residential and non-residential-was made?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : (a) Yes, Sir.

